# 24 बाल साहित्यकार पुरस्कृत

**लखनऊ (एसएनबी)।** गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में साहित्य अकादमी दिल्ली का बाल साहित्य पुरस्कार अर्पण समारोह 2024 इस बार बाल दिवस पर आयोजित किया गया। दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन बृहस्पतिवार को बतौर मुख्य अतिथि प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने की। इस अवसर पर भारतीय भाषाओं के 24 बाल साहित्यकारों को 50 हजार की राशि और ताम्रफलक देकर पुरस्कृत किया गया।

अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि बाल साहित्य पुरस्कार 2024 बाल रचनाएं करने वाले 24 साहित्यकारों को दिया गया। जिसमें लेखक रंजु हजारिका- असमिया, दीपान्विता राय- बांग्ला, भार्जिन जेक भा मोसाहारी- बोडो, बिशन सिंह दर्दी- डोगरी, नंदिनी सेनगुप्ता- अंग्रेजी, गिरा पिनाकिन भट्ट- गुजराती, देवेन्द्र कुमार- हिंदी, कृष्णमूर्ति बिलिगेरे- कन्नड़, मुजफ्फर हुसैन दिलबर- कश्मीरी शामिल हैं। वहीं हर्षा सद्गुरु शेटये- कोंकणी, नारायणजी- मैथिली, उन्नी अम्मायंबलम्- मलयालम्, क्षेत्रिमयुम सुवदनी- मणिपुरी, भारत सासणे- मराठी, वसंत थापा- नेपाली, मानस रंजन सामल- उड़िया, कुलदीप सिंह दीप- पंजाबी, प्रहलाद सिंह झोरड़ा- राजस्थानी, हर्षदेव माधव- संस्कृत, दुगाई टुडु- संथाली, लाल होतचंदानी लाचार- सिंधी, युमा वासुकि- तमिल, पामिदिमुक्कला चंद्रशेखर आजाद- तेलुगु और शम्सुल इस्लाम फारूकी- उर्दू भाषा के लिए चयनित हैं, जिन्हें सम्मानित किया गया।